पत्रांक–योजना बजट–151/2025 /प०व०ज०प०

**बिहार सरकार**

**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**

**प्रेषक,**

**पूनम कुमारी,**
सरकार के संयुक्त सचिव

**सेवा में,**

**महालेखाकार,**
बिहार, पटना

पटना–15, दिनांक– /06/2025

**विषय :–** वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2028–29 तक प्राकृतिक वन क्षेत्र के बाहर वानिकी योजनान्तर्गत सारण वन प्रमंडल, छपरा में नहर/पथ तट शहरी वानिकी वर्षाकालीन बांस/लौह गैबियन वृक्षारोपण कार्य हेतु कुल ₹538.85 लाख (पाँच करोड़ अड़तीस लाख पचासी हजार रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति एवं इसके तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 में ₹276.38 लाख (दो करोड़ छिहत्तर लाख अड़तीस हजार रूपये) मात्र व्यय की अनुमति।

**महाशय,**

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2028–29 तक प्राकृतिक वन क्षेत्र के बाहर वानिकी योजनान्तर्गत सारण वन प्रमंडल, छपरा में नहर/पथ तट शहरी वानिकी वर्षाकालीन बांस/लौह गैबियन वृक्षारोपण कार्य हेतु कुल ₹538.85 लाख (पाँच करोड़ अड़तीस लाख पचासी हजार रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति एवं इसके तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 में ₹276.38 लाख (दो करोड़ छिहत्तर लाख अड़तीस हजार रूपये) मात्र व्यय की अनुमति प्रदान की जाती है।

इस योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल 74.0 कि.मी. में 46500 पौधारोपण का अग्रिम–सह–समापन कार्य तथा वित्तीय वर्ष 2026–27 से 2028–29 तक सम्पोषण कार्य किये जायेंगे। इस योजना का क्रियान्वयन प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), बिहार, पटना के पत्रांक–487 दिनांक–03.06.2025 द्वारा सम्प्रेषित सारांशित कार्य योजना, जो परिशिष्ट–1 के रूप में संलग्न है, के अनुरूप किया जायेगा।

2. स्वीकृत राशि की निकासी राज्य स्कीम मुख्य शीर्ष–2406–वानिकी तथा वन्य प्राणी, उप मुख्य शीर्ष–01–वानिकी, लघु शीर्ष–102–समाज तथा फार्म वानिकी, उप शीर्ष–0109– प्राकृतिक वन क्षेत्र के बाहर वानिकी, मांग संख्या–19, विपत्र कोड–19–2406011020109, विषय शीर्ष–0109.02.01– मजदूरी तथा 0109.21.01–सामग्री एवं पूर्तियॉ के अन्तर्गत उपलब्ध उपबंधित राशि के तहत की जायेगी।

3. इस राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी, सारण वन प्रमंडल, छपरा होगें तथा राशि की निकासी उनके संबद्ध कोषागार से की जायेगी।

4. इस योजना के क्रियान्वयन के समय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), बिहार, पटना द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि मजदूरी का भुगतान श्रम संसाधन विभाग, बिहार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर पर ही हो।

5. इस राशि का आवंटन, निकासी एवं व्यय बिहार कोषागार संहिता तथा बिहार वित्त नियमावली में उल्लिखित सुसंगत प्रावधानों एवं वित्त विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत परिपत्रों तथा अद्यतन अनुदेशों के आलोक में की जायेगी।

6. राशि के अग्रिम निकासी पर वित्त विभागीय पत्रांक–2221 दिनांक–15.04.2020 द्वारा शिथिलीकरण प्राप्त है, अतएव राशि के आवंटन के समय वित्त विभागीय परिपत्र संख्या–2561 दिनांक–17.04.1998 की कंडिका–15 को छोड़कर शेष कंडिकाओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

7. योजना की स्वीकृति को दर की स्वीकृति नहीं माना जाए। इस योजना की स्वीकृति प्राक्कलित दर के आधार पर दी जा रही है। संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा नियमानुसार विधिवत अनुमोदित दर के अनुरूप ही राशि का व्यय किया जायेगा।

8. वित्त विभाग के संकल्प संख्या–12888 दिनांक–03.12.2024 की कंडिका–12 के आलोक में वित्त विभाग द्वारा वर्णित शीर्ष में राशि उपबंधित होने पर ही यह स्वीकृत्यादेश प्रभावी होगा। अन्यथा यह स्वीकृत्यादेश स्वतः रद्द माना जाएगा।

9. सामग्री/सेवाओं की अधिप्राप्ति बिहार वित्त (संशोधन) नियमावली, 2024 में उल्लिखित सुसंगत प्रावधानों एवं वित्त विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत परिपत्रों तथा अद्यतन अनुदेशों के आलोक में की जायेगी।

10. इस राशि की निकासी हेतु महालेखाकार से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

11. योजना क्रियान्वयन का नियमित पर्यवेक्षण प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार, पटना द्वारा किया जायेगा तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), बिहार, पटना द्वारा योजना के क्रियान्वयन का अनुश्रवण कराया जायेगा।

12. इस योजना अन्तर्गत क्रियान्वित योजना का दो अलग–अलग रंगीन छाया चित्र तथा स्थल जाँच प्रमाण–पत्र प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार के कार्यालय में संधारित किया जायेगा। भौतिक एवं वित्तीय प्रगति प्रतिवेदन ससमय विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।

13. योजना के क्रियान्वयन में यदि किसी प्रकार की अनियमितता होती है, तो योजना को क्रियान्वित/निरीक्षण/पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण करने वाले पदाधिकारियों की जवाबदेही होगी।

14. जनसाधारण को अवगत कराये जाने एवं पारदर्शिता के निमित्त विवरणी सूचना पट्ट में प्रदर्शित किया जायेगा।

15. संचिका संख्या–151/2025 के पृष्ठ–04/टि० पर दिनांक–09.06.2025 को प्रस्ताव में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है। दिनांक–17.06.2025 को सम्पन्न विभागीय स्थायी वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव के स्वीकृति की अनुशंसा की गई है।

16. संचिका संख्या–151/2025 के पृष्ठ–06/टि० पर दिनांक–20.06.2025 को माननीय विभागीय मंत्री की स्वीकृति एवं पृष्ठ–07/टि० पर दिनांक–२५.06.2025 को प्रारूप में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

**अनुलग्नक–यथोक्त।**

विश्वासभाजन
ह०/–
(पूनम कुमारी)
सरकार के संयुक्त सचिव

**ज्ञापांक–योजना बजट–151/2025–** 3206 **/प०व०ज०प०, पटना–15, दिनांक** 24 **/06/2025**

प्रतिलिपिः– (सानुलग्नक) वित्त विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना /मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव/प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF), बिहार, पटना/प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), बिहार, पटना/संबंधित क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक/संबंधित कोषागार पदाधिकारी/संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी/आंतरिक वित्तीय सलाहकार/बजट शाखा (दो प्रतियों में)/आई०टी० (मैनेजर), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(पूनम कुमारी)
सरकार के संयुक्त सचिव

# SARAN FOREST DIVISION, CHAPRA

## Estimate of Rainy Plantation Path/Nahar/ Urban Forestry (Bamboo/Iron Gabion plantation) Adv. cum completion work in Yr. 2025-26 and Maintenance work Yr. 2026-27 to 2028-29

| Sl. No. | Division Name | Plantation Name | Site Name | District | Range | Block | Length (KM) | Pit | Mound | Total Plant | Yr 25-26 | Yr 26-27 | Yr 27-28 | Yr 28-29 | Total Amount | GPS reading |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 1 | Saran | पथ तट रैखिक वृक्षारोपण | खैरा से माधोपुर पथ तट | Saran | छपरा | नगरा | 7 | 5000 | 1000 | 6000 | 1102864.8 | 936950 | 844097 | 726134 | 3610045 | N 25.868524 E 84 .754499<br>N 25.893155 E 84 .723462 |
| 2 | | | रसुलपुर बाजार से खजौता पथ तट | | दिघवारा | दरियापुर | 8 | 5000 | 0 | 5000 | 779375 | 780792 | 703414 | 605112 | 2868693 | N 25.858917 E 84 .967901<br>N 25.788548 E 84 .994097 |
| 3 | | | पुरूषोतमपुर से शोभेपुर पथ | | दिघवारा | दिघवारा | 3.5 | 1000 | 1500 | 2500 | 679486 | 390395 | 351707 | 302556 | 1724144 | N 25.771987 E 85 .055087<br>N 25.767862 E 85 .066551 |
| 4 | | | सिरमी से चाँदपुरा पथ तट | | मशरक | तरैया | 5 | 6000 | 500 | 6500 | 1066318 | 1015029 | 914437 | 786645 | 3782429 | N 26.086488 E 84.890207<br>N 26.108894 E 84.903812 |
| | | | योगः– | | | | 23.5 | 17000 | 3000 | 20000 | 3628043.44 | 3123166.2 | 2813654.4 | 2420447 | 11985311.04 | |
| 6 | | नहर तट/बाँध तट रैखिक वृक्षारोपण | ककड़िया से बलडिहा नहर तट | | छपरा | नगरा | 4 | 3000 | 1000 | 4000 | 800572 | 624633 | 562731 | 484089 | 2472025 | N 25 932024 E 84 542595<br>N 25 894932 E 84 555142 |
| 7 | | | अंजनी से बनौता नहर तट | | दिघवारा | परसा | 4 | 0 | 4000 | 4000 | 1366256 | 624633 | 562731 | 484089 | 3037709 | N 25.988505 E 85.025007<br>N 25.929553 E 85.048952 |
| 8 | | | मुरहिया से हरना बाँध तट | | दिघवारा | मकेर | 7 | 0 | 5000 | 5000 | 1715694 | 780792 | 703414 | 605112 | 3805012 | N 25.984598 E 85.047707<br>N 25.92579 E 85.07245 |
| 9 | | | सढ़वारा से लौआ बाँध तट | | मशरक | इसुआपुर | 2 | 0 | 2000 | 2000 | 693328 | 312317 | 281366 | 242045 | 1529055 | N 26.0573649 E 84.800440<br>N 26.0497033 E 84.796855 |
| 10 | | | हंसपीर से चैनपुर बाँध | | मशरक | मशरक | 4 | 5000 | 0 | 5000 | 753426 | 780792 | 703414 | 605112 | 2842744 | N 26.114853 E 84.817563<br>N 26.114754 E 84.809329 |
| | | | योगः– | | | | 21 | 8000 | 12000 | 20000 | 5329276.96 | 3123166.2 | 2813654.4 | 2420447 | 13686545 | |
| 11 | | बाँस गैबियन वृक्षारोपण | रौजा ढ़ाला से परीक्षा केन्द्र पथ | | छपरा | छपरा | 2 | 500 | 0 | 500 | 1267695 | 389563 | 413886 | 0 | 2071144 | N 25.780208 E 84.782755<br>N 25.787622 E 84.84775181 |
| 12 | | | नगरा प्रखण्ड से घोबवल पथ तट | | छपरा | नगरा | 2 | . 500 | 0 | 500 | 1267695 | 389563 | 413886 | 0 | 2071144 | N 25.888918° E 84.752776°<br>N 25.895718° E 84.740901° |
| 13 | | | माड़र से अन्याय पथ तट | | दिघवारा | परसा | 4 | 1000 | 0 | 1000 | 2535390 | 779125 | 827772 | 0 | 4142286 | N 25.891813° E 85.061656°<br>N 25.910746° E 85.074228° |
| 14 | | | नयागाँव से एन0एच0 31 से मढचिलाव गाँव | | दिघवारा | सोनपुर | 4 | 1000 | 0 | 1000 | 2535390 | 779125 | 827772 | 0 | 4142286 | N 25.769670 E 85.094698<br>N 25.78850 E 85.9108 |
| 15 | | | बेला दरिहारा पथ लक्ष्मणपुर से एडिलपुर तक | | दिघवारा | दरियापुर | 4 | 1000 | 0 | 1000 | 2535390 | 779125 | 827772 | 0 | 4142286 | N 25.808168 E 85.400117<br>N 25.850157 E 85.113048 |
| 16 | | | जगदिशपुर से अमनौर पोखरा पथ | | मशरक | अमनौर | 4 | 1000 | 0 | 1000 | 2535389.52 | 779125.20 | 827772 | 0 | 4142286 | N 25.2918049 E 84.565148<br>N 25.5837763 E 84.560463 |
| | | | योगः– | | | | 20 | 5000 | 0 | 5000 | 12676947.6 | 3895626 | 4138858.8 | 0 | 20711432.4 | |
| 17 | | लौह गैबियन वृक्षारोपण | अफौर जोगी बाबा से नगरा बाजार पथ | | छपरा | नगरा | 2 | 150 | 0 | 150 | 599392 | 75853 | 74967 | 0 | 750212 | N 25.875427° E 84.754167°<br>N 25.893009° E 84.75493° |
| 18 | | | डी0आर0एम0 कार्यालय एवं रेलवे कॉलोनी सोनपुर | | दिघवारा | सोनपुर | 1.5 | 500 | 0 | 500 | 1997974 | 252842 | 249890 | 0 | 2500706 | N 25.4136° E 85.1033°<br>N 25.4129° E 85.1007° |

| Sl. No. | Division Name | Plantation Name | Site Name | District | Range | Block | Length (KM) | Pit | Mound | Total Plant | Yr 25-26 | Yr 26-27 | Yr 27-28 | Yr 28-29 | Total Amount | GPS reading |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 19 | | | वस्ती जलाल रेलवे ढ़ाला से पट्टी पुल शीतलपुर पथ | | दिघवारा | दरियापुर | 3 | 400 | 0 | 400 | 1598379 | 202273 | 199912 | 0 | 2000564 | N 25.77677 E 85.044327<br>N 25.761697 E 85.024922 |
| 20 | | | नैनी से वाजितपुर पथ | | छपरा | छपरा | 1.6 | 250 | 0 | 250 | 998987 | 126421 | 124945 | 0 | 1250353 | N 25.832668 E 84.713327<br>N 25.8414404 E 84713948 |
| 21 | | | मरहिया से धनपत छपरा | | छपरा | छपरा | 1.4 | 200 | 0 | 200 | 799190 | 101137 | 99957 | 0 | 1000283 | N 25.848237 E 84.753656<br>N 25.8360021 E 84.7519228 |
| | | | योगः– | | | | 9.5 | 1500 | 0 | 1500 | 5993922 | 758526 | 749671 | 0 | 7502119 | |
| सकल योगः– | | | | | | | 74 | 31500 | 15000 | 46500 | 27628189.9 | 10900484.2 | 10515838.4 | 4840894 | 53885406.52 | |

or 5,38,85,407/-

वन प्रमण्डल पदाधिकारी
सारण वन प्रमण्डल, छपरा

Counter Signed for Rs. 53885406/- (Rs. five crore Thirty Eight Lakh Eighty five Thousand Four Hundred & Six) only.

Conservator of Forest
Siwan Circle, Siwan

T.A./T.S. is accorded for Rs. 5,38,85,407/-
(Five crore thirty eight lakh eighty five thousand four hundred seven)

30/5/2025